एफएसएसएआई
fssai

For immediate release

कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन के 46वें सत्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की हुई जमकर प्रशंसा

प्रेस विज्ञप्ति

रोम, 27 नवंबर, 2023: भारत को मसालों और पाक प्रयोग की जड़ी-बूटियों पर कोडेक्स समिति के लिए मेजबान देश सचिवालय होने और कोडेक्स में इसके योगदान के लिए एफएओ द्वारा सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार भारतीय प्रतिनिधिमंडल की ओर से भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती आराधना पटनायक ने प्राप्त किया।

रोम में स्थित एफएओ मुख्यालय में 46वीं कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग की बैठक में भाग लेने वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एफएसएसएआई के सीईओ श्री जी कमला वर्धन राव ने किया, जिसमें CAC46 पर मानक तय करने के 60 वर्षों की उपलब्धियों को चिह्नित करने के लिए कोडेक्स@60 (कोडेक्स की 60वीं वर्षगांठ) मनाई जा रही है।

इस अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने वाले प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में एफएसएसएआई के पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार तथा निदेशक, निफ्टेम, कुंडली डॉ. हरिंदर सिंह ओबेरॉय के साथ-साथ श्री पी. कार्तिकेयन, संयुक्त निदेशक, एफएसएसएआई और डॉ. सास्वती बोस, महाप्रबंधक, एपीडा भी हैं।

मेजबान देश के सचिवालयों और आयोग के पूर्व अध्यक्षों और उपाध्यक्षों की उपस्थिति में कोडेक्स के अध्यक्ष स्टीव वेर्न और तीन उपाध्यक्षों राज राजशेखर, एलन अजेगेले और डिएगो वरेला ने कोडेक्स समितियों के महत्व को दोहराया, जिसे कोडेक्स की रीढ़ माना जाता है।